हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 31 मई 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 22.5 डिग्री

11 ग्रीष्माकालीन अवकाश में यात्रियों के लिए सुविधा, रेलवे ने 47 जोड़ी ट्रेनों में 120 की डिब्बे बढ़ाए



12 हमले में घायल युवक ने तोड़ा दम, चार के खिलाफ हत्या का केस दर्ज



AIT KANINA PHARMACY COLLEGE
फार्मेसी करें:
ADMISSION OPEN
For Session 2025-26
B. PHARMACY Duration:- 4 Year
D. PHARMACY Duration:- 2 Year
BMLT Duration:- 3 Year
DIPLOMA IN YOGA Duration:- 1 Year
ELIGIBILITY-10+2 MEDICAL & NON-MEDICAL
GAHRA ROAD, KANINA | 9467543958, 9466464921, 8295003528
OPPORTUNITIES
Hospital Pharmacist •
Sales & Marketing •
Manufacturing Pharmacist •
Retail Pharmacist •
Quality Control •
Medical Transcription •

## खबर संक्षेप

### सब्जी व्यापारियों से मारपीट मामले में एक आरोपी काबू

**कोसली।** गत 28 मई को सब्जी मंडी में दो व्यापारियों से मारपीट मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गई है। आरोपी के दूसरे साथी की तलाश की जा रही है। कोसली पुलिस को दर्ज बयान में श्यामनगर निवासी भूपेंद्र व पवन ने बताया था कि उनकी सब्जी मंडी में दुकान हैं। दोनों बुधवार सुबह अपनी दुकान पर आए थे। इन लोगों ने आरोप लगाया था कि दुकान पर आते ही गोविंद व मुनेश ने दोनों के साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर दोनों ने उनके साथ जमकर मारपीट की। दोनों को जब घायलावस्था में अस्पताल ले जाया जा रहा था, तो उन्होंने एक बार फिर से रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी दी। शोर मचाने पर आसपास के दुकानदार एकत्रित हो गए, तो एक आरोपी ने अपनी बाइक वहीं छोड़ दी। दोनों एक ही बाइक से भाग गए। पुलिस ने उनके बयान पर केस दर्ज किया था। इस मामले में एक आरोपी दिनेश उर्फ मुनेश निवासी श्यामनगर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### सोलहराही व बड़ा तालाब के जीर्णोद्धार का चल रहा कार्य

# ऐतिहासिक तालाबों को नहरी पानी से भरने के लिए डाली पाइप लाइन, सोलहराही तालाब पर दुकानों का भी हो रहा निर्माण

- फर्म के अनुसार दो महीने का काम बचा बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर के दो ऐतिहासिक तालाब सोलहराही व बड़ा तालाब को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए जीर्णोद्धार का कार्य गति पकड़ने लगा है। पहले लेबर की कमी के कारण कार्य धीमा हो गया था, लेकिन अब काफी मात्रा में लगी लेबर कार्य पूरा करने में लगी है। दोनों तालाबों का सौन्दर्यकरण कार्य पूरा होने पर इनका अलग ही लुक देखने को मिलेगा और ये पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होंगे। दोनों तालाबों का कार्य अभी भी 30 प्रतिशत के करीब बाकी है। सोलहराही व बड़ा तालाब के जीर्णोद्धार के कार्य को चलते हुए करीब 19 महीने बीत चुके है। सिंचाई विभाग की ओर से तालाबों साफ पानी भी भरा जाएगा, जिसके लिए सोलहराही तालाब में पाइप लाइन डाली जा चुकी है और बड़ा तालाब तक पाइप डालने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसके अलावा किराये पर देने के लिए सोलहराही तालाब में 14 दुकानों का भी निर्माण किया जा रहा है, जिसमें पांच दुकानें नेहरू पार्क के साइड में व 9 दुकानें तालाब के अनाजमंडी साइड में बनाई जा रही है। सोलहराही तालाब के सुपरवाइजर रामगोपाल व बड़ा तालाब के सुपरवाइजर गोपाल ने बताया कि तालाबों के जीर्णोद्धार का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। फर्म के अनुसार दो महीने का काम बचा बाकी







रेवाड़ी। सेक्टर-1 स्थित सोलहराही तालाब का चल रहा कार्य, बड़ा तालाब में नहरी पानी भरने के लिए पाइप लाइन डालते कर्मचारी, सोलहराही तालाब के पास बनाई जा रही दुकानें।

### आकर्षक लाइटिंग से जगमग होंगे तालाब

बड़ा तालाब के नाम से विख्यात तेज सरोवर व सेक्टर-1 स्थित सोलहराही तालाब में चारों ओर नए सिरे से घाट, छतरियां व सीढ़ियां बनाई गई है। इसके अलावा तालाब के पास लोगों के बैठने के लिए भी छतरियां अलग से बनाई गई है। जीर्णोद्धार होने के बाद दोनों तालाबों के चारों ओर लाइटिंग भी की जाएगी। तालाबों की दीवारों का ऐतिहासिक लुक देने के लिए राजस्थान से मंगवाएं गए पत्थर लगाए गए है। बड़ा तालाब व सोलहराही तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग की ओर से कराया जा रहा है, जिसके लिए मध्यप्रदेश भोपाल की बीएनएस कंपनी को ठेका दिया है। लंबे कई दशकों के बाद इन तालाबों की दशा में सुधार किया जा रहा है। इन तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए हरियाणा पोंड अथॉरिटी की ओर से मंजूरी दी गई थी। दोनों तालाबों के जीर्णोद्धार में करीब 9 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे है।

### दोनों तालाबों में अभी 30 प्रतिशत कार्य बाकी

अक्टूबर 2023 में शुरू हुए बड़ा तालाब व सोलहराही तालाब में अभी 30 प्रतिशत के करीब कार्य बचा हुआ है। अभी तालाबों में लेवलिंग व दीवारों को प्राचीन लुक देने का कार्य किया जा रहा है। तालाबों की काफी दीवारें ठीक की जा चुकी है। तालाबों के मरम्मत कार्य के बाद रंग-रोगन का कार्य किया जाएगा। इसके बाद तालाबों को पर्यटन स्थल के रूप में सजाया करकर इनमें साफ पानी भरा जाएगा। पानी भरने के बाद भविष्य में टूरिज्म विभाग की ओर से तालाबों में नाव चलाने की भी प्लानिंग है।

# आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते तीन दबोचे, दस मोबाइल फोन, एक लैपटॉप व नकदी बरामद

- आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक लैपटॉप, 10 मोबाइल फोन, दो स्कूटी व 8400 रुपये बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वीरवार की रात सिटी पुलिस ने तोपचीवाड़ा मोहल्ला में रॉयल चेलेंज बैंगलोर व पंजाब किंग के बीच चल रहे आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक लैपटॉप, 10 मोबाइल फोन, दो स्कूटी व 8400 रुपये बरामद किए हैं। लैपटॉप में सट्टे का लाखों रुपये का लेन-देने सामने आया है। एक आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

रात को पुलिस को सूचना मिली थी कि तोपचीवाड़ा निवासी राजकुमार अपने मकान में कमिशन बेस पर सट्टा खिलवाता है। उसके मकान में बल्लूवाड़ा निवासी पवन कुमार उर्फ भोलू, बास सिताबराय निवासी संदेश उर्फ शेरू व बालासराय निवासी आशीष गौड़ रॉयल चेलेंज बनाम पंजाब किंग के बीच चल रहे आईपीएल मैच पर सट्टा लगा रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने एसपी से सर्च वारंट लेकर राजकुमार के मकान पर दबिश दी। इस दौरान संदेश व राजकुमार मकान के ऊपर कमरे में सट्टा खिलाते हुए पाए गए। पुलिस ने वहां सट्टा खिला रहे दोनों आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि उनके साथी आशीष और पवन कुछ देर पहले ही यहां से निकले हैं। कुछ समय बाद ही छत पर पवन भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी लैपटॉप और मोबाइल फोन से सट्टा खिला रहे थे। तीनों आरोपियों को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है।





रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में सट्टे के आरोपी, बरामद की गई स्कूटी। फोटो :हरिभूमि

### लैपटॉप में सट्टे का लाखों का लेन-देन मिला

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप, दस मोबाइल फोन व सट्टे की 8400 रुपये बरामद की है। पुलिस के अनुसार वीरवार के मैच में लैपटॉप में लगभग 9.92 लाख रुपये का हिसाब मिला है, जबकि सात मैचों का हिसाब 23.58 लाख रुपये पाया गया है। पुलिस ने मकान के बाहर खड़ी दो आरोपियों की स्कूटी भी कब्जे में ले ली। पुलिस मामले के चौथे आरोपी आशीष की तलाश कर रही थी।

# पुलिस की जागरूकता नहीं आ रही काम साइबर ठगों के जाल में फंस रहे लोग

- कंपनी कर्मचारी को निवेश के नाम पर, तो महिला को रेटिंग के नाम पर ठगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पैसा कमाने का शॉर्ट कट तरीका अपनाने के लालच में लोग लगातार साइबर ठगों के हाथों पैसा लुटा रहे हैं। पुलिस विभाग साइबर ठगी से बचने के लिए लोगों को खूब जागरूक कर रहा है, परंतु लोग ठगों के जाल में लगातार फंसते जा रहे हैं। एक कंपनी कर्मचारी को क्रिप्टो में निवेश के नाम पर तो, महिला को रेटिंग देकर पैसा कमाने के लालच से साइबर ठगों ने चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बालियर खुर्द निवासी यशपाल ने बताया कि वह एक कंपनी में नौकरी करता है। 27 मई को उसके मोबाइल फोन पर अनजान नंबर से मैसेज आया था। मैसेज में उसे क्रिप्टो में निवेश करने की बात लिखी हुई थी। इसके बाद उसने कई बार ट्रांजेक्शन करते हुए 1.04 लाख रुपये बताए गए खाता नंबरों पर ट्रांसफर कर दिए। बाद में उसे पता चला कि उसके साथ ठगी की गई है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उस खाते का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिसमें उसकी रकम ट्रांसफर हुई है।



रेवाड़ी। पुलिस लाइन स्थित साउथ रेंज साइबर थाना। फोटो :हरिभूमि

### ठगी के बाद उड़ा दिए सभी लिंक

ठगी के बाद उड़ा दिए सभी लिंक विकास नगर कॉलोनी निवासी लता ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसने फेसबुक पर ऐड देखकर एक लिंक पर क्लिक किया था। इसके उसे एक व्हाट्स एप गुरप से जोड़कर लिंक पर रिव्यू और रेटिंग करने के लिए कहा गया। उसे एक अन्य गुरप से भी जोड़ा गया। शुरूआत में उसे 180 रुपये दिए गए। इसके बाद कई ट्रांजेक्शन से उससे 1.08 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। बाद में उसे सभी लिंक पर ब्लॉक कर दिया गया। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद ठगी की जांच शुरू कर दी।

### बैंक परिसर में बैग काटकर नकदी उड़ाई, सीसीटीवी में नजर आया आरोपी युवक

**बावल।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की बावल शाखा में पैसे निकलवाने के लिए आए व्यक्ति को बैग काटकर 40 हजार रुपये चोरी कर ले गए। बैंक के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में संदिग्ध युवक नजर आया, परंतु उसकी पहचान नहीं हो सकी। बावल थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में तिहाड़ा निवासी सूरत सिंह ने बताया कि वह बैंक शाखा से अपने खाते से पैसे निकलवाने के लिए आया था। उसने बैंक से चालीस हजार रुपये निकलवाए थे। पैसे निकलवाने के बाद वह पास बुक में एंट्री करने वाली मशीन में कॉपी लगाकर एंट्री करा रहा था। इसी दौरान उसके बैग से नकदी गायब हो गई। उसका बैग एक ओर से कटा हुआ मिला। उसने गलती से तेज सिंह नाम के व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दे दी थी। बाद में बैंक के कैमरों की फुटेज चेक की गई, तो एक अनजान लड़का उसके बैग के पास खड़ा हुआ दिखाई दिया। उसी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए।

सार्वजनिक स्थलों पर
धूम्रपान निषेध है
साथ ही यह
दण्डनीय अपराध है
NO SMOKING
NO TOBACCO
31 मई
विश्व तम्बाकू निषेध दिवस
जनहित में जारी | हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
हरिभूमि द्वारा "विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" (31 मई 2025) के अवसर पर बस स्टैंड, रेवाड़ी पर प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक 'तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। आप भी हस्ताक्षर करके इसका हिस्सा बनें और अपने संबंधियों व मित्रों को तम्बाकू उत्पादों को छोड़ने की शपथ दिलाएं।
सौजन्य से
MAARS HOSPITAL HEART INSTITUTE, Near Rao Abhay Singh Chowk Main Delhi Road, Rewari
अजय पटोदा, निर्देशक, सहकारिता बैंक रेवाड़ी व वरिष्ठ भाजपा नेता
BMG group, Gupta Metal Sheets Limited, Delhi Road Rewari
Everest Square, A UNIQUE APPROACH IN SHOPPING, Sector 26, Near Eden Garden Society, Rewari
SWARANJALI GROUP OF INSTITUTIONS, Devlawas, Bithwana Chowk, Bawal Road, Rewari
तिजारा संगम नमकीन, फैक्ट्री : प्लाट नं. 262, सुतानो, इंडस्ट्रियल एरिया, आईएमटी, सेक्टर-3, फेज-1, रेवाड़ी
प्रTham SCHOOL, YOUR CHILD'S INNOVATION PARTNER, DHAMLAKA, REWARI HARYANA
यशवीर नम्बरदार


ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं। एक शरीर के चारों ओर खून पंप करता है, जबकि बाकी दो दिल गलफड़ों में खून पंप करते हैं।


ध्रुवीय भालुओं की त्वचा काली होती है, जो उन्हें आर्कटिक जलवायु में गर्म रहने के लिए सूर्य से ऊष्मा अवशोषित करने में मदद करती है।

# गेमिंग इंडस्ट्री में भी विद्यार्थियों के लिए करियर संभव



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर विद्यार्थी 12वीं कक्षा करने के बाद किसी ऐसे करियर की तलाश में रहता है, जिसमें वह ग्रोथ होने के साथ ही अच्छा पैसा भी कमा सके। तो आज हम आपके लिए एक बेहतर करियर ऑप्शन लेकर आए हैं। आज जिस करियर विकल्प के बारे में हम बात करेंगे वह है गेमिंग इंडस्ट्री। इस क्षेत्र में आने के लिए अगर सोचा भी होगा तो आपके मन में कई सवाल आ रहे होंगे कि इस फील्ड में कैसे करियर बनाया जा सकता है, कितनी एजुकेशनल क्वालिफिकेशन होनी चाहिए, इस फील्ड में बेहतर जॉब मिलेगी भी या नहीं? इस क्षेत्र में करियर बनाना युवाओं को खासा पसंद होता है।

## फुल टाइम जॉब

इस समय देश में गेमिंग इंडस्ट्री में 50,000 से ज्यादा फुल टाइम इंप्लाई काम कर रहे हैं, जिनमें 30 प्रतिशत प्रोगामर और डेवलपर हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में यह क्षेत्र 20 से 30 प्रतिशत की दर से ग्रोथ करने वाला है। इससे डायरेक्ट और इनडायरेक्ट तौर पर लाखों जॉब्स पैदा होने की संभावनाए हैं।

### गेम डिजाइनर

गेम डिजाइनर गेम के लेवल, उसके कैरेक्टर्स आदि तमाम बारीकियों को ध्यान में रखकर गेम को इंट्रेस्टिंग बनाने पर फोकस करते हैं। गेम राइटिंग और डायग्राम बनाकर इसके अलग-अलग वर्जन तैयार करते हैं। उन्हें डिटेल्ड टेक्नीकल नॉलेज होने के साथ ही उसकी सोच भी क्रिएटिव होनी चाहिए। गेम बनाने के लिए डिजाइनर, डेवलपर्स, आर्टिस्ट्स और अन्य प्रोफेशनल्स की टीम काम करती है।



## क्या चाहिए योग्यताएं

- कैंडिडेट ने साइंस स्ट्रीम से 12वीं पास किया हो।
- कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर की नॉलेज होनी चाहिए।
- गेम डिजाइनर बनने के लिए आपकी इंग्लिश पर अच्छी पकड़ होनी जरूरी है।
- कंप्यूटर साइंस, गेम डिजाइनिंग, गेम डेवलपिंग, कंप्यूटर ग्राफिक्स, आर्ट, एनिमेशन, इलस्ट्रेशन या मार्केटिंग में बैचलर डिग्री या पेशेवर सर्टिफिकेशन कोर्स करने पर भी इस इंडस्ट्री में शानदार अवसर है।

### स्किल्स

- इस क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं को एनिमेशन, कांसेप्ट आर्ट, कैरेक्टर डिजाइन और विजुअल इफेक्ट की जानकारी होनी चाहिए।
- इस क्षेत्र में जावा, 2 डी गेम डेवलपर्स और 3 डी डेवलपर्स के लिए अपार संभावनाएं हैं।
- गेम डिजाइनिंग के साथ-साथ 3 डी मॉड्यूलिंग और 2 डी सॉफ्टवेयर की नॉलेज होना बहुत जरूरी है।
- ऑडियो इंजीनियर के लिए साउंड इंजीनियरिंग और अन्य लैंग्वेज की जानकारी होनी चाहिए।

## आगे बढ़ेगा करियर

### जॉब प्रोफाइल

- गेम डिजाइनर, गेम डेवलपर, एनिमेटर, क्यूएक टेस्टर, ऑडियो इंजीनियर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और प्रोड्यूसर, ईस्पोर्ट्स प्रोफेशनल्स, मैनेजर्स, कास्टर्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसर्स के तौर पर करियर बना सकते हैं.

### सैलरी

शुरुआत में 3 से 5 लाख रुपये सालाना की नौकरी आसानी से मिलती है। अनुभव होने पर 13 से 15 लाख रुपये का पैकेज मिलता है. जबकि, गेम प्रोड्यूसर 10 लाख रुपये तक सालाना कमा रहे हैं।

### कोर्स

- यूआइ/यूएक्स डिजाइनिंग
- बीएससी इन गेमिंग
- बीएससी इन एनीमेशन एवं गेमिंग
- बीएससी इन एनिमेशन गेम डिज़ाइन
- बीए (ऑनर्स) कंप्यूटर गेम्स डिजाइन

### अरबों डॉलर का सेक्टर

आज के समय में लोगों के बीच गेम खेलने का शौक आम बात हो गई है, बच्चों से लेकर बड़े तक हर कोई ऑनलाईन गेम खेलना पसंद करता है। जिसके कारण ही यह सेक्टर अब अरबो डॉलर का हो गया है। आप भी अगर उन लोगों में शामिल हों जो प्रतिदिन घंटो अपना समय मोबाइल या कंप्यूटर पर गेम खेलते हुए बिताते हैं। तो आप गेमिंग के फील्ड में आपना बेहतरीन कॅरियर बना सकते हैं। इस क्षेत्र में छात्र गेम डिजाइनिंग या गेम डेवलपर, एनीमेशन, गेम राइटर आदि जैसे कोर्स कर सकते हैं, अगर आप इस सेक्टर में जाना चाहते हैं तो 12वीं के बाद किसी भी यूनिवर्सिटी या संस्थान से विभिन्न विषयों में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और स्नातक डिग्री कोर्स कर सकते हैं।

### खुद का काम भी कर सकते हैं

गेमिंग इंडस्ट्री में कॅरियर बनाना अब आसान होता जा रहा है, आप ऊपर दिए गए कोर्सेस में से कोई एक कोर्स करके अपना भविष्य बना सकते हैं, आपको इस लाइन में गेम प्रोड्यूसर, गेम डिजाइनर, एनिमेटर, ऑडियो प्रोग्रामर, ग्राफिक प्रोग्रामर, स्पोर्टस प्रोफेशनल्स, मैनेजर्स, कास्टर्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसस बन सकते हैं। आप सेल्फ गेम जोन भी डाल सकते हैं, आजकल बड़े-बड़े मॉल्स में भी गेम जोन रहते हैं, जिनसे कमाई भी बहुत अच्छी होती है।

---

### यह एक यूनिक स्पेस्लाइजेशन, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को देता रफ्तार

# रूरल मैनेजमेंट में कोर्स कर बना सकते हैं अच्छा करियर, गांव के विकास में मददगार

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## अच्छी जॉब, सैलरी भी काफी अच्छी

भारत की आजादी के बाद से जीडीजी में एग्रीकल्चर का योगदान 50 फीसदी से ज्यादा है। वहीं 70 फीसदी आबादी आज भी गांवों में रहती है। कोरोना के पहले एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी, जिसके मुताबिक ग्रामीण भारत में जीडीपी में 1.8 ट्रिलियन डालर तक का योगदान दे सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास की रफ्तार तेज करने के लिए रूरल मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स की बेहद जरूरत है। इस कोर्स के बाद अच्छी जॉब भी मिलती है और सैलरी भी काफी अच्छी है। रूरल मैनेजमेंट एक यूनिक स्पेस्लाइजेशन है। इसके स्पेस्लाइज्ड प्रोफेशनल्स भारत के ग्रामीण परिदृश्य के सुधार के लिए स्ट्रैटजी बनाने, मैनेज करने और इंप्लीमेंट करने के लिए विकास योजनाएं तैयार करते हैं जोकि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास को रफ्तार देता है।इस कोर्स में छात्रों को ग्रामीण विकास, आयोजन, निर्देशन, वित्तीय संस्थाओं आदि क्षेत्रों की जानकारी दी जाती है। यह कोर्स लगभग सभी सरकारी कॉलेज व यूनिवर्सिटी में उपलब्ध है। 12वीं के बाद छात्र पसंद के अनुसार डिग्री और डिप्लोमा कर सकते हैं। इसके बाद इसमें मुख्य कोर्स के तौर पर मास्टर, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम, एमबी और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी किया जा सकता है। इस कोर्स के बाद सरकारी क्षेत्र में जॉब में काफी संभावनाएं हैं।



### किस क्षेत्र में कोर्सेज



अगर आप रूरल मैनेजमेंट का कोर्स करना चाहते हैं, तो देश के किसी भी संस्थान ये डिग्री और डिप्लोमा कोर्सेज कर सकते हैं। इनमें मुख्य कोर्स के तौर पर एमबी इन रूरल मैनजमेंट, मास्टर ऑफ रूरल मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम इन रूरल डेवलपमेंट मैनेजमेंट और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रूरल मार्केटिंग लोकप्रिय हैं। इन कोर्सेज में संबंधित संस्थान द्वारा संचालित प्रवेश परीक्षा, साक्षात्कार व ग्रुप डिस्कशन के आधार पर नामांकन होता है। इन प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होने के लिए प्रतियोगी को किसी भी विषय में स्नातक या समकक्ष होना चाहिए। कुछ संस्थान पत्राचार द्वारा भी ये कोर्सेज करवाते हैं।

### ऐसे मिलेगी कोर्स में सफलता

अगर आप इस क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं तो आपको कई स्किल्स के साथ कुछ ऐसी योग्यताओं की जरूरत पड़गी जो आपकी जरूरते पूरा करेंगी। इसके लिए मुख्यतौर पर आपमें ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने की इच्छा और उत्सुकता के साथ आपको कई स्किल्स बढ़ाने की जरूरत पड़गी। जिसमें बातचीत की कला, स्थानीय रीति-रिवाजों के प्रति संवेदनशीलता, विभिन्न प्रकार के लोगों में घुल-मिल जाना आदि। अन्य प्रबंधन कोर्सेज की तरह यहां भी विश्लेषण की क्षमताए नेतृत्व क्षमतां, समस्या निष्पादन क्षमता आदि लाभप्रद होती हैं।

### अनुमानित पैकेज

अगर आप इस फील्ड में एंट्री लेने वाले हैं तो आपको पता होना चाहिए कि इसमें शुरुआती सालाना पैकेज चार से पांच लाख रुपये सालाना होता है। वहीं अगर आपने शीर्ष संस्थानों से कोर्स किया है तो आपको सात से आठ लाख रुपये तक सालाना पैकेज मिल सकता है। इस फील्ड में दो-तीन साल का अनुभव व अच्छे कार्य- प्रदर्शन के बाद आप 10 से 15 लाख रूपये सालाना कमा सकते है। वहीं अंतरराष्ट्रीय संगठनों में पैकेज इससे कहीं ज्यादा होता है।

### जॉब ऑप्शन

इस क्षेत्र में छात्रों के लिए करियर के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। ये प्रबंधन के सभी कार्यात्मक क्षेत्रों में काम करते हैं, जैसे सिस्टम, मानव संसाधन, परचेज, मार्केटिंग, फाइनेंस, सामान्य प्रबंधन, प्रोजेक्ट इप्लिलमेंटेशन आदि। इस क्षेत्र के छात्र सरकारी और गैरसरकारी दोनों ही संस्थाओं में मैनेजर, नीति निर्माता, विश्लेषक, शोधकर्ता, सलाहकार आदि के रूप में कार्य कर सकते हैं। इसके अलावा इनके पास सरकारी क्षेत्र में ग्रामीण विकास की योजनाओं, गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में काम करने का अवसर होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले बैंक भी इस क्षेत्र के विशेषज्ञों को बतौर प्रबंधक नियुक्त करते हैं। प्रतिभाशाली युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय एनजीओ, संयुक्त राष्ट्र संघ और उससे जुड़ी एजेंसियों में भी जाने का मौका होता है। निजी कंपनियों को भी आधुनिक संचार व्यवस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बाजार की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं, जिसके लिए प्रशिक्षितों की जरूरत होती है। कई स्वयंसेवी संगठन अपने यहां ग्रामीण प्रबंधक के रूप में ऐसे लोगों की नियुक्ति करते हैं, जो गांवों में विकास की योजना को अमलीजामा पहना सकें।

---

# कैट एग्जाम क्रैक करने के लिए अपनाएं ये रणनीति, अच्छे नंबरों से होंगे पास



**नई दिल्ली।** देश के प्रतिष्ठित एमबीए इंस्टीट्यूट्स में एडमिशन लेने के लिए आयोजित होने वाली कैट एग्जाम्स में हर साल बड़ी संख्या में छात्र बैठते हैं। यह एमबीए कोर्स में एडमिशन पाने के लिए सबसे कठिन परीक्षा मानी जाती है। ऐसे में इस एग्जाम को क्रैक करने के लिए छात्रों को कड़ी मेहनत करनी होती है। इस साल 26 नवंबर 2023 को कैट परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय 120 मिनट का होगा। ऐसे में कैंडिडेट्स नीचे दिए गए टिप्स को फॉलो कर पहली बार में परीक्षा को क्रैक कर सकते हैं।

### जल्दी करें शुरुआत

अगर आप भी पहली बार में इस एग्जाम को क्रैक करना चाहते हैं, तो जल्द ही तैयारी शुरू कर दें। क्योंकि तैयारी के लिए एक साल का समय कम से कम चाहिए होगा। इस दौरान आप अपना पूरा सिलेबस और टॉपिक भी अच्छे से कवर कर लेंगे। ऐसे में तैयारी का पहला स्टेप जल्दी तैयारी करना है और दूसरा स्टेप समय से टाइम टेबल तैयार करना है।

### सिलेबस और टाइम टेबल

ऐसे में सिलेबस को पहले देख लें और उसके अनुसार अपना टाइम टेबल बनाकर तैयार करें। कौन से एरिया में आपको कितना समय लगता है और कौन सा एरिया आप आसानी से तैयार कर सकती हैं। इस हिसाब से आप अपनी पढ़ाई का पूरा टाइम टेबल सेट कर लें। साथ ही आपको यह भी पता होना चाहिए कि सिलेबस को कब तक खत्म करना है। कितने दिन प्रैक्टिस करनी है और कब रिवीजन होगा। ऐसे इन सारी चीजों का खाका पहले से तैयार कर लें।

### स्टडी मैटीरियल

कैंडिडेट्स को सिलेबस देखने के बाद अपने लिए रिसर्च करें। सिलेबस चुनकर स्टडी मैटिरयल एकत्र करें। हांलाकि इसमें कंफ्यूजन ना हो और कंफ्यूजन होने पर किसी सीनियर या फिर अपने किसी टीचर से उस कंफ्यूजन को दूर करें। बहुत सारा सिलेबस देखकर आप परेशान हो सकते हैं, इसलिए सिर्फ कुछ चुनिंदा नोट्स, टेस्ट पेपर और किताबें आदि रखें और उन्हीं से तैयारी करें।

### प्रैक्टिस है जरूरी

कैट एग्जाम को क्रैक करने के लिए सबसे जरूरी स्टेप तैयारी के साथ-साथ प्रैक्टिस टेस्ट सॉल्व करते रहना चाहिए। इस तरह से आप जान पाएंगे कि आपने कितनी तैयारी कर ली है। पिछले सालों के क्वेश्चन पेपर से भी तैयारी करें। इसके अलावा डिसप्लिन, प्लानिंग, सही स्टडी मैटीरियल, टाइम-टेबल और प्रैक्टिस का खास ध्यान रखें। इस स्टेप्स को फॉलो कर आप कैट एग्जाम में सफलता पा सकते हैं।

---

# जीवन एक लंबी यात्रा, इसमें परीक्षा के नतीजे केवल एक छोटा-सा पड़ाव



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन एक लंबी यात्रा है, और इस यात्रा में परीक्षा के नतीजे केवल एक छोटा-सा पड़ाव हैं। हम में से कई लोग अपने अंकों, ग्रेड्स या रैंक को अपनी पूरी पहचान मान लेते हैं। लेकिन क्या सचमुच यही आपकी पूरी कहानी है? नहीं, बिल्कुल नहीं! नतीजा सिर्फ एक संख्या है, और जीवन इससे कहीं अधिक व्यापक, सुंदर और अनमोल है।परीक्षा के परिणाम आपके मेहनत, समर्पण और अनुशासन का एक हिस्सा जरूर दर्शाते हैं। वे आपको यह समझने में मदद करते हैं कि आपने कितना सीखा और कहां सुधार की जरूरत है। लेकिन यह भूलना गलत होगा कि ये अंक आपकी पूरी योग्यता, आपके सपनों या आपके भविष्य को परिभाषित करते हैं। जीवन में सफलता केवल अंकों से नहीं मापी जाती। यह आपके जुनून, आपकी मेहनत, आपके रिश्तों, और सबसे महत्वपूर्ण, आपके आत्मविश्वास से तय होती है।

### अपेक्षित परिणाम नहीं पाया, तो यह दुनिया का अंत नहीं

अगर आपने इस बार अपेक्षित परिणाम नहीं पाया, तो यह दुनिया का अंत नहीं है। यह केवल एक संकेत है कि आपको नए रास्ते तलाशने हैं, नई रणनीतियां बनानी हैं, और शायद कुछ नया सीखना है। परीक्षा के परिणाम आपके मेहनत, समर्पण और अनुशासन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा जरूर दर्शाते हैं, क्योंकि ये दर्शाते हैं कि आपने कितनी लगन से पढ़ाई की, कितना समय अपने लक्ष्यों को दिया, और कितनी मेहनत से अपने ज्ञान को परखने की तैयारी की। ये अंक एक दर्पण की तरह हैं, जो आपको यह समझने में मदद करते हैं कि आपने कितना सीखा, कहां आप मजबूत हैं, और कहां सुधार की गुंजाइश है। लेकिन यह सोचना गलत होगा कि ये नंबर आपकी पूरी योग्यता, आपके सपनों, या आपके भविष्य को पूरी तरह परिभाषित करते हैं। जीवन एक विशाल कैनवास है, और परीक्षा के अंक उसमें केवल एक छोटा-सा रंग हैं। आपकी योग्यता केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है यह आपके जुनून, आपकी रचनात्मकता, आपके धैर्य, और आपकी असफलताओं से सीखने की क्षमता में भी झलकती है। आपके सपने उन ऊंचाइयों को छू सकते हैं, जो कोई मार्कशीट माप नहीं सकती। भविष्य आपके हाथों में है, और वह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितनी हिम्मत और लगन से अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ते हैं, न कि केवल उन अंकों पर जो एक पेपर पर लिखे होते हैं। इसलिए, अपने परिणामों को एक पड़ाव मानें, अंत नहीं। अगर अंक अच्छे आए, तो गर्व करें, और अगर नहीं आए, तो यह समझें कि यह सिर्फ एक सबक है, जो आपको और बेहतर बनने का मौका दे रहा है। आपका असली मूल्य आपके आत्मविश्वास, आपकी मेहनत, और आपके सपनों को हकीकत में बदलने की इच्छाशक्ति में निहित है।

**जीवन की असली परीक्षा:** जीवन की असली परीक्षा कक्षा की चारदीवारी से बाहर होती है। यह वह परीक्षा है जहां आपको अपने डर का सामना करना पड़ता है, असफलताओं से उठना पड़ता है, और बार-बार कोशिश करनी पड़ती है। यह वह जगह है जहां आप सीखते हैं कि धैर्य, दृढ़ता और आत्मविश्वास आपके सबसे बड़े हथियार हैं।

क्या आपने कभी सुना है कि अल्बर्ट आइंस्टीन को स्कूल में ₹धीमा₹ समझा जाता था? या कि थॉमस एडिसन को उनके शिक्षकों ने ₹अनुपयोगी₹ कहा था? फिर भी, इन लोगों ने दुनिया को बदल दिया। उनका नतीजा उनकी प्रतिभा को परिभाषित नहीं कर सका, क्योंकि उन्होंने अपने जुनून और मेहनत पर भरोसा किया।

### असफलता: एक सीढ़ी, अंत नहीं

अगर इस बार आपका परिणाम उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा, तो निराश होने की जरूरत नहीं है। असफलता कोई सजा नहीं, बल्कि एक सबक है। यह आपको बताती है कि आप कहां मजबूत हैं और कहां कमजोर। हर असफलता आपको बेहतर होने का मौका देती है। यह आपको सिखाती है कि हार मानना कोई विकल्प नहीं है। छात्र जीवन में हर अनुभव, चाहे वह जीत हो या हार, आपको मजबूत बनाता है। असफलता आपको यह सिखाती है कि मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। यह आपको अपने सपनों के लिए और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा देती है।

**जीवन के रंग, अंकों से परे** : जीवन केवल किताबों, नोट्स और परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। यह दोस्ती, परिवार, हंसी, रोमांच, और अपने जुनून को खोजने का नाम है। यह उन छोटे-छोटे पलों में छिपा है जब आप किसी की मदद करते हैं, जब आप कुछ नया सीखते हैं, या जब आप अपने सपनों की ओर एक कदम बढ़ाते हैं।

**अपने आप से पूछें** : आप क्या बनना चाहते हैं? क्या आप एक वैज्ञानिक बनना चाहते हैं जो दुनिया को बदल दे? क्या आप एक कलाकार बनना चाहते हैं जो अपनी कला से लोगों के दिलों को छू ले? या शायद एक ऐसा इंसान जो दूसरों के लिए प्रेरणा बने? ये सपने किसी मार्कशीट से बड़े हैं।

---

## सामान्य ज्ञान

**1.** तवा किसकी सहायक नदी है ?
(ए) नर्मदा
(बी) तापी
(सी) महानदी
(डी) गोदावरी

**2.** निम्नलिखित में से कौन - सी नदी प्रारम्भ में अरुण नदी के नाम से जानी जाती है ?
(ए) सोन
(बी) कोसी
(सी) चम्बल
(डी) यमुना

**3.** निम्नलिखित में से किस नदी को 'उड़ीसा का शोक' कहा जाता है ?
(ए) महानदी
(बी) ब्राह्मणी
(सी) वैतरणी
(डी) दामोदर

**4.** इंदौर के समीप स्थित जनापाव पहाड़ी स्त्रोत है -
(ए) तापी नदी का
(बी) चम्बल नदी का
(सी) माही नदी का
(डी) महानदी का

**5.** भारत की लवण नदी के नाम से जानी जाती है -
(ए) माही
(बी) लूनी
(सी) बनास
(डी) साबरमती

**6.** कौन - सी नदी भेड़ाघाट के समीप कपिलधारा जलप्रपात का निर्माण करती है ?
(ए) नर्मदा
(बी) तापी
(सी) गोकक
(डी) शरावती

**7.** निम्नलिखित में से कौन - सी नदी ज्वारनदमुख का निर्माण करती है ?
(ए) राप्ती
(बी) महानदी
(सी) नर्मदा
(डी) स्वर्णरेखा

**8.** प्रायद्वीपीय भारत की निम्न नदियों में से कौन शेष तीन से विशिष्ट रूप से भिन्न है ?
(ए) नर्मदा
(बी) कावेरी
(सी) कृष्णा
(डी) गोदावरी

उत्तर 1.(ए) 2.(बी) 3.(ए) 4.(बी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(सी) 8.(ए)

गर्मियों की छुट्टियों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए सुविधा बढ़ाई

# ग्रीष्माकालीन अवकाश में यात्रियों के लिए सुविधा रेलवे ने 47 जोड़ी ट्रेनों में 120 डिब्बे बढ़ाए

ट्रेनों में डिब्बों की बढ़ोतरी से यात्रियों को गर्मी में सफर के दौरान काफी राहत मिलेगी। यात्रियों को ट्रेनों में सुविधा एक जून से जुलाई माह तक मिलेगी।




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेलवे की ओर से गर्मियों की छुट्टियों में अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए 47 जोड़ी रेलसेवाओं में विभिन्न श्रेणी के 120

डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। ट्रेनों में डिब्बों की बढ़ोतरी से यात्रियों को गर्मी में सफर के दौरान काफी राहत मिलेगी। यात्रियों को ट्रेनों में सुविधा एक जून से जुलाई माह तक मिलेगी।

## अजमेर-दिल्ली सराय जन शताब्दी में डिब्बे की बढ़ोतरी

गाड़ी संख्या 22471/22472 बीकानेर-दिल्ली सराय-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से एक जून से 30 जून तक तथा दिल्ली सराय से 3 जून से 2 जुलाई तक 1 सैकेंड एसी व 2 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। गाडी संख्या 20473/20474 दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय रेलसेवा में दिल्ली सराय से 1 जून से 30 जून तक तथा उदयपुर सिटी से 2 जून से 1 जुलाई तक 1 सैकेंड एसी व 2 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 19611/19614 अजमेर-अमृतसर-अजमेर रेलसेवा में अजमेर से 2 जून से 30 जून तक तथा अमृतसर से 3 जून से 1 जुलाई तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 19613/19612 अजमेर-अमृतसर-अजमेर रेलसेवा में अजमेर से 1 जून से 30 जून तक तथा अमृतसर से 3 जून से 30 जून तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 19608/19607 मदार-कोलकाता-मदार एक्सप्रेस में मदार से 2 जून से 30 जून तक एवं कोलकाता से 5 जून से 3 जुलाई तक 1 सैकेंड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 12065/12066 अजमेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला-अजमेर जन शताब्दी में 2 जून से 30 जून तक 1 द्वितीय कुर्सीयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 19701/19702, जयपुर-दिल्ली कैंट-जयपुर रेलसेवा में जयपुर से 1 जून से 30 जून तक तथा दिल्ली कैंट से 3 जून से 2 जुलाई तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 20409/20410 दिल्ली कैंट-बठिण्डा-दिल्ली कैंट रेलसेवा में 2 जून से 1 जुलाई तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14801/14802 जोधपुर-इंदौर-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 जून से 30 जून तक एवं इंदौर से 4 जून से 3 जुलाई तक 3 द्वितीय शयनयान व 2 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 12465/12466 इंदौर-भगत की कोठी-इंदौर रेलसेवा में इंदौर से 2 जून से 1 जुलाई तक एवं भगत की कोठी से 3 जून से 2 जुलाई तक 3 द्वितीय शयनयान व 2 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14854/14853 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 जून से 30 जून तक तथा वाराणसी सिटी से 2 जून से 1 जुलाई तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे तथा गाड़ी संख्या 14864/14863 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 जून से 30 जून तक तथा वाराणसी सिटी से 2 जून से 1 जुलाई तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14866/14865 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 जून से 30 जून तक तथा वाराणसी सिटी से 2 जून से 1 जुलाई तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

### जोधपुर-साबरमती-में द्वितीय शयनयान व थर्ड एसी की बढ़ोतरी

गाडी संख्या 22987/22988 अजमेर-आगराफोर्ट-अजमेर रेलसेवा में 1 जून से 30 जून तक 2 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14807/14808 जोधपुर-दादर-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 जून से 29 जून तक एवं दादर से 2 जून से 30 जून तक 2 थर्ड एसी, 1 थर्ड एसी इकोनोमी व 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 20483/20484 भगत की कोठी-दादर-भगत की कोठी रेलसेवा में भगत की कोठी से 2 जून से 30 जून तक व दादर से 3 जून से 1 जुलाई तक 2 थर्ड एसी, 1 थर्ड एसी इकोनोमी व 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 20485/20486 जोधपुर-साबरमती-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 जून से 30 जून तक एवं साबरमती से 3 जून से 2 जुलाई तक 2 द्वितीय शयनयान व 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 20492/20491 साबरमती-जैसलमेर-साबरमती रेलसेवा में साबरमती से 1 जून से 30 जून तक एवं जैसलमेर से 2 जून से 1 जुलाई तक 2 द्वितीय शयनयान व 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14717/14718 बीकानेर-हरिद्वार-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से 2 जून से 30 जून तक एवं हरिद्वार से 3 जून से 1 जुलाई तक 1 थर्ड एसी व 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 12988/12987 अजमेर-सियालदाह-अजमेर रेलसेवा में अजमेर से 1 जून से 30 जून तक एवं सियालदाह से 2 जून से 1 जुलाई तक 1 फर्स्ट मय सैकेंड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 09621/09622 अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर स्पेशल रेलसेवा में अजमेर से 1 जून से 29 जून तक एवं बान्द्रा टर्मिनस से 2 जून से 30 जून तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 09653/09654 अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर स्पेशल ट्रेन में अजमेर से 7 जून से 28 जून तक एवं बान्द्रा टर्मिनस से 8 जून से 29 जून तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 09627/09628 अजमेर-सोलापुर-अजमेर स्पेशल ट्रेन में अजमेर से 4 जून से 25 जून तक एवं सोलापुर से 5 जून से 26 जून तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14735/14736 श्रीगंगानगर-अंबाला-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में श्रीगंगानगर से 1 जून से 30 जून तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 04705/04706 श्रीगंगानगर-जयपुर-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में श्रीगंगानगर से 1 जून से 30 जून तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 54754/54753 श्रीगंगानगर-बठिंडा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस में श्रीगंगानगर से 1 जून से 30 जून तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बे तथा गाड़ी संख्या 54756/54755 श्रीगंगानगर-बठिंडा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में श्रीगंगानगर से 1 जून से 30 जून तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

### रेवाड़ी-फुलेरा रेलसेवा में साधारण श्रेणी डिब्बे बढ़ाए

गाड़ी संख्या 54766/54765 बठिंडा-धूरी-बठिंडा एक्सप्रेस रेलसेवा में 1 जून से 30 जून तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाडी संख्या 20475/20476 बीकानेर-मिरज-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से 2 जून से 30 जून तक एवं मिरज से 3 जून से 1 जुलाई तक 1 द्वितीय शयनयान डिब्बे, गाड़ी संख्या 04715/04716 बीकानेर-साईं नगर शिर्डी-बीकानेर स्पेशल रेलसेवा में बीकानेर से 7 जून से 28 जून तक व साईं नगर शिर्डी से 8 जून से 29 जून तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 04711/04712 बीकानेर-बान्द्रा टर्मिनस-बीकानेर स्पेशल रेलसेवा में बीकानेर से 4 जून से 25 जून तक व बान्द्रा टर्मिनस से 5 जून से 26 जून तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 22497/22498 श्रीगंगानगर-तिरूचिरिपल्ली-श्रीगंगानगर रेलसेवा में श्रीगंगानगर से 2 जून से 30 जून तक तथा तिरूचिरिपल्ली से 6 जून से 4 जुलाई तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 20481/20482 भगत की कोठी-तिरूचिरिपल्ली-भगत की कोठी रेलसेवा में भगत की कोठी से 4 जून से 25 जून तक व तिरूचिरिपल्ली से 7 जून से 28 जून तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 12985/12986 जयपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला-जयपुर एक्सप्रेस में जयपुर से 1 जून से 30 जून तक एवं दिल्ली सराय रोहिल्ला से 1 जून से 30 जून तक 1 एक्जिक्यूटिव एसी चेयर कार श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 12482/12481 श्रीगंगानगर-दिल्ली-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में श्रीगंगानगर से 1 जून से 30 जून तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14731/14732 दिल्ली-बठिण्डा-दिल्ली एक्सप्रेस रेलसेवा में दिल्ली से 1 जून से 30 जून तक एवं बठिण्डा से 2 जून से 1 जुलाई तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 19617/19618 मदार जंक्शन-रेवाड़ी-मदार जंक्शन एक्सप्रेस में मदार जंक्शन से 1 जून से 30 जून तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 19617/19618 रेवाड़ी-फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा में 1 जून से 30 जून तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 59632/59631 रेवाड़ी-हिसार-रेवाड़ी रेलसेवा में 1 जून से 30 जून तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 19622/19621 रेवाड़ी-फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा में 1 जून से 30 जून तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 59630/59629 फुलेरा-जयपुर-फुलेरा रेलसेवा में 1 जून से 30 जून तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बे तथा गाड़ी संख्या 09635/09636 जयपुर-रेवाड़ी-जयपुर रेलसेवा में 1 जून से 30 जून तक 5 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

# गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा को मैचिंग ग्रांट देने की घोषणा पर सीएम का जताया आभार

■ मैचिंग ग्रांट देने की भी घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भाजपा नेता पंडिम हिमांशु पालीवाल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा तथा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल का आभार जताया है। पालीवाल ने कहा कि गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा को मैचिंग ग्रांट देने की घोषणा व प्रदेश में किसी एक बड़े पार्क का नाम भगवान परशुराम के नाम पर रखने से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलेगी।



रेवाड़ी। पंडित हिमांशु पालीवाल।

पालीवाल ने कहा सीएम ने समाज की संस्था को 51 लाख रुपये देने की घोषणा भी की है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को रोहतक के पहरावर गांव में आयोजित रैली में ये घोषणाएं की। उन्होंने ने कहा कि जितना पैसा समाज इन संस्थानों के लिए एकत्रित करेगा, उससे ज्यादा की राशि हरियाणा सरकार की ओर से मैचिंग ग्रांट के रूप में प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने रोहतक में 61 करोड़ 23 लाख रुपये लागत की कुल 9 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। भगवान परशुराम की शिक्षाओं और आदर्शों से नई पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए कैथल में मेडिकल कॉलेज का नाम भगवान परशुराम के नाम पर रखा है। इसके अलावा, सरकार ने भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर राजपत्रित अवकाश का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पहरावर गांव में 2013 से चले आ रहे गौड़ ब्राह्मण कॉलेज की जमीन के विवाद को भी सुलझाया है। गौड़ ब्राह्मण आयुर्वेद कॉलेज में बीएमएस की 100 सीटों को भी मंजूरी दी और इसकी कक्षाएं भी शुरू हो गई है। भगवान परशुराम के नाम पर सरकार ने डाक टिकट भी जारी किया है।

## जाट धर्मशाला में वीर नारी सम्मान समारोह का आयोजन आज

■ कार्यक्रम में जिले के शहीद हुए सैनिकों की पत्नियों को सम्मानित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लोकमाता पुण्यश्लोका अहिल्यादेवी होलकर विचार संयोजन मंच की ओर से कंटेनर डिपो के पास स्थित जाट धर्मशाला में 31 मई को दोपहर बाद 3:30 बजे अहिल्यादेवी होलकर के त्रिशताब्दी जन्मोत्सव पर वीर नारी सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के संयोजक डा. आरबी यादव, सह संयोजक सीएम निधि गौतम व संजय डाटा ने बताया कि कार्यक्रम में जिले के शहीद हुए सैनिकों की पत्नियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्यातिथि पूर्व सांसद व सदस्य संसदीय बोर्ड डा. सुधा यादव होंगी, जबकि अध्यक्षता डा. पूनम यादव करेंगी। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डा. अदिति पासवान सहायक प्रोफेसर दिल्ली विश्वविद्यालय होगी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सीए सरिता यादव सहायक निदेशक इंडियन कोस्ट अकाउंट सर्विस शिरकत करेंगी।

## द्वितीय नागरिक सुरक्षा अभ्यास के तहत ऑपरेशन शील्ड का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गृह मंत्रालय भारत सरकार की ओर से नागरिक सुरक्षा नियम 1968 की धारा 19 के तहत 31 मई को शाम 5 बजे द्वितीय नागरिक सुरक्षा अभ्यास के तहत ऑपरेशन शील्ड आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि यह सिविल डिफेंस एक्सरसाइज जिला रेवाड़ी सहित प्रदेश के अन्य जिलों में एक साथ होगी, जिसका उद्देश्य आपात स्थिति में तैयारी और रिस्पॉन्स को बेहतर बनाना है। डीसी मीणा ने बताया कि गृह मंत्रालय व हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार ऑपरेशन शील्ड के दौरान एयर स्त्रिकन से बचाव का अभ्यास किया जाएगा। साथ ही सायरन की सक्रियता की जांच सहित अन्य विभिन्न प्रकार की गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। देशभर में आपात स्थिति में तैयारी और रिस्पॉन्स को परखने के लिए गत 7 मई को प्रथम मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था।

# अब तक 3,190 शिकायतों पर सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एडीसी अनुपमा अंजलि ने कहा कि जिले में समाधान शिविर का नियमित रूप से आयोजन किया जा रहा है। एडीसी शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सुशासन विभाग की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी कुमार से वार्ता कर रही थी। आयुक्त ने सभी जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समाधान शिविर में आई शिकायतों व उनके निवारण के कार्य की समीक्षा की। एडीसी अनुपमा ने



बताया कि अब तक समाधान शिविर में 3 हजार 190 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 2773 का निपटारा कर दिया गया है। फिलहाल 214 शिकायतें लंबित हैं, जिनका जल्दी निपटान कर दिया जाएगा। वीसी के उपरांत एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का निपटारा एक सप्ताह में सुनिश्चित करें। सभी विभागों के मुख्य अधिकारी यह तय करें कि सोमवार व वीरवार को आयोजित होने वाले समाधान शिविर में या तो वे स्वयं आएंगे या ऐसे अधीनस्थ अधिकारी को भेजें, जिसको अपने कार्यालय की समुचित जानकारी हो। एडीसी ने बताया कि दो जून को मुख्यमंत्री स्वयं जनसंवाद में मिली शिकायतों की समीक्षा करेंगे। बैठक में सीपी ग्राम पोर्टल पर लंबित शिकायतों की भी समीक्षा की गई।

लोगों की समस्या सुनकर निदान के आदेश दिए

# एमएलए ने बस स्टैंड और आरओबी का किया निरीक्षण, बस सेवाएं बढ़ाने पर जोर



रेवाड़ी। कोसली आरओबी पर लोगों की समस्या सुनते विधायक अनिल यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

विधायक अनिल यादव ने शुक्रवार को कोसली बस स्टैंड व आरओबी के मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। इस मौके पर एमएलए ने कहा कि कोसली बस स्टैंड से जल्द आसपास के सभी रूटों पर पर्याप्त बस सेवाएं शुरू की जाएं, जिससे आम नागरिकों को फायदा हो सकें। उन्होंने रोडवेज जीएम प्रदीप अहलावत को कोसली बस स्टैंड से जल्द बस सेवाएं शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रियों के बैठने के लिए टीन शैड व पीने के पानी का उचित प्रबंध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन रूटों पर फिलहाल बसें बंद हैं, उनको दोबारा से शुरू किया जाए। रोडवेज जीएम ने बताया कि बस स्टैंड पर पेट्रोल पंप शुरू करने की अभी एनओसी नहीं मिली है, जिस कारण बसें कम हैं। विधायक ने कहा कि इस बारे में वह पूरा सहयोग करेंगे और एनओसी लेने की कार्रवाई तेज की करें। इसके बाद विधायक ने रेलवे स्टेशन के आरओबी का निरीक्षण किया।

### पुल की रिपेयरिंग के काम में तेजी के निर्देश

पीडब्ल्यूडी बीएंडआर के एसडीओ वीरेंद्र सिंह को पुल की रिपेयरिंग का काम तेज गति से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सितंबर माह के पहले सप्ताह में पुल को शुरू कर दिया जाए। विधायक ने स्थानीय दुकानदारों से भी बातचीत की और उन्हें आश्वस्त किया कि पुल की मरम्मत का कार्य जल्द पूरा किया जाएगा। इसके बाद विधायक ने नाहड़ रोड़ स्थित कार्यालय में आम लोगों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने कहा कि कोसली विधानसभा क्षेत्र के हर एक गांव में पर्याप्त जनसुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कोसली के एसडीएम विजय कुमार यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश, जिला सचिव सरदार सिंह बहाला, उदयभान डागर, जिला पार्षद जीवन हितैषी, दिनेश गोयल व रोहित सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## कोर्ट परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को

रेवाड़ी। जिला न्यायिक परिसर में 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें दोनों पक्षों की सहमति से मामलों का निपटारा कराया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित निपटारा कराना है। लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम, पारिवारिक विवाद, दीवानी एवं फौजदारी मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिलों तथा राजस्व संबंधी मामलों का निपटारा किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### अहिल्याबाई होलकर का व्यक्तित्व एवं कृतित्व समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरणः भार्गव



रेवाड़ी भारत विकास परिषद की ओर से शुक्रवार को राज इंटरनेशनल स्कूल में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के त्रिस्ताबदी जन्मोत्सव पर बच्चों को उनकी जीवनी से प्रेरित करने के लिए व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला प्रचारक प्रदीप ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने स्वर्णिम इतिहास से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने साधारण परिवार में जन्म लिया और अपनी समझदारी व दूरदर्शिता से न केवल महारानी बनी और बड़े-बड़े मंदिरों का पुनरुत्थान भी कराया। मुख्य अतिथि समाजसेवी व उद्योगपति अनिल भार्गव ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती चल रही है और उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण है। भारत विकास परिषद के प्रांतीय पर्यावरण संयोजक मुकेश सैनी ने हिंदी पत्रकार दिवस की बधाई देते हुए कहा कि पत्रकार समाज को आईना दिखाते है।

### पुत्रवधु को होटल में बनाया हवस का शिकार पुलिस ने आरोपी ससुर को किया गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने गत 25 अप्रैल को एक होटल में पुत्रवधु के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। जाटूसाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि उसकी शादी वर्ष 2013 में हुई थी। परिवार के साथ मतभेद होने के कारण वह अपने भाई के घर राजस्थान के गांव चली गई थी। उसका ससुर जिलेसिंह उसे बार-बार फोन करता रहा। उसे वापस ससुराल आने के लिए दबाव बनाता रहा। कुछ दिन पहले उसके ससुर ने उसे धमकाते हुए एक बार मिलने के लिए कहा। वह ससुर के कहने पर 25 अप्रैल को रेवाड़ी आई थी। इसके बाद उसका ससुर अकेले में बात करने के बहाने उस बस स्टैंड के पास एक होटल में ले गया। महिला का आरोप है कि उसके ससुर ने उसे दुष्कर्म का शिकार बताते हुए उसकी फोटो भी ले ली। घटना के बाद उसका ससुर उसे बार-बार संबंध बनाने के लिए धमकाता रहा। पुलिस ने महिला की शिकायत पर 24 मई को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। अब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।

### सुठानी बस स्टैंड पर दूषित पानी से बनी झील लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी



रेवाड़ी शुक्रवार को रेवाड़ी-बावल मुख्य मार्ग के गांव सुठानी स्टैंड पर गांव का दूषित पानी छोड़ दिया गया। सड़क पर भारी मात्रा में आए दूषित पानी से सड़क ने झील का रूप ले लिया है। सड़क पर जमा गंदे पानी के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामन करना पड़ा, वहीं दूषित पानी से उठती दुर्गंध से आसपास के क्षेत्र में महामारी फैलने का भी भय बना हुआ है। स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन से परेशानी से मुक्ति दिलाने की मांग की है। बावल रोड़ स्थित गांव सुठानी की मुख्य सड़क के निवासी शेरसिंह रावत, ललित यादव, रणबीर सिंह जेई, विनोद बगथला, रामेश्वर बगथला वडा. सुरेंद्र वर्मा ने आरोप लगाया कि सुठानी पंचायत की ओर से गांव का गंदा पानी मुख्य सड़क पर छोड़ दिया गया है। कॉलोनी के सीवर का पानी सड़क पर छोड़े जाने से समस्या पैदा हो गई है।

### बिना भेदभाव हरियाणा को एक नई पहचान दिलाने की दिशा में कार्य कर रहे मुख्यमंत्रीः लक्ष्मण सिंह



रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने शुक्रवार को रेवाड़ी विधानसभा के अनेक गांवों का दौरा कर ग्रामीणों का आभार जताया। इस दौरान विधायक ने गांव में विकास कार्यों का उद्घाटन भी किया तथा आगामी 15 जून को आयोजित होने वाली मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी की रैली का निमंत्रण भी दिया। विधायक लक्ष्मण यादव ने गांव बुढाना, बुढानी, फदनी, रोजका, जीतपुरा तथा बालियर खुर्द का दौरा किया। उन्होंने गांव जीतपुरा में नवनिर्मित अनुसूचित जाति चौपाल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण यादव ने कहा कि रेवाड़ी से चुने गए प्रतिनिधियों ने आज तक इस क्षेत्र के विकास पर कोई ध्यान नहीं दिया, जिसके चलते समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। वह धीरे-धीरे सभी समस्याओं का समाधान करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं।

### अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी पर निबंध प्रतियोगिता में मुस्कान बनी विजेता



रेवाड़ी अहीर कॉलेज में शुक्रवार को कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के तत्वावधान में रानी अहिल्याबाई होल्कर के सामाजिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना, सच्चे नेतृत्व, सेवा, साहस व समर्पण विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुस्कान बीए ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय तथा सीमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कॉलेज के महासचिव राघवेन्द्र सिंह अहिल्या बाई होल्कर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विजेताओं सहित सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कॉलेज प्राचार्या डा. उर्मिला शर्मा ने विद्यार्थियों को रानी अहिल्याबाई होल्कर की तरह समाज, धर्म और आध्यात्म के मार्ग पर चलकर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

### डहीना के पांच गांवों के ग्रामीणों को समझाया पानी की गुणवत्ता का महत्व



डहीना। शुक्रवार को खंड डहीना के गांव बांस बिटौड़ी, कुमरोधा, नांगल मूंदी, धवाना, लोहाना में ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की मोबाइल वैन के माध्यम से लोगों को पानी की महत्ता समझाई गई। इस मौके पर खंड समन्वयक जितेंद्र कुमार ने कहा कि पानी की एक-एक बूंद कीमती है। जल के बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए हर गांव में बरसात का पानी एकत्रित करने के लिए कुंड बनाए जाने चाहिए। मोबाइल वैन में बनी लैब से गांवों के ट्यूबवेल तथा घरों से पानी के सैंपल लेकर उनकी क्वालिटी की जांच की गई। ग्राम वासियों की जल की गुणवत्ता के बारे में समझाया गया।

### भूपेन्द्र सिंह बने नांगल तेजू स्कूल के एसएमसी प्रधान




बावल। बावल क्षेत्र के गांव नांगल तेजू के सीनियर सैकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को स्कूल मैनेजमेंट कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य विजय कुमार ने की। प्राचार्य ने बताया कि दो साल के लिए स्कूल मैनेजमेंट कमेटी का गठन किया जाता है। एसएमसी में भूपेंद्र सिंह को प्रधान तथा सतीश कुमार व राकेश कुमार को उप प्रधान बनाया गया। कमेटी में कुल बारह सदस्य चुने गए है।

**सूचना**

मैं, चेतराम सुपुत्र श्री सागर सिंह निवासी गांव रतनथल तह कोसली जिला रेवाड़ी हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र राहुल व मेरी पुत्रवधू अंजलि व मेरी पत्नी बीना देवी मेरे कहने सुनने से बाहर हैं तथा अपनी मनमानी करते हैं व मेरे साथ ठीक व्यवहार नहीं करते हैं। मैं अपने पुत्र व पुत्रवधु व पत्नी को अपनी समस्त चलअचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। कोई व्यक्ति इन तीनों के साथ लेन-देन करता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नही होगी।

## खबर संक्षेप

### ट्रॉला चालक के खिलाफ केस दर्ज

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने पाडला के पास जैसलमेर नेशनल हाइवे पर गलत लेन में ओवरस्पीड वाहन चलाने के आरोप में चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार चेकिंग के दौरान एक ट्रॉला नारनौल की ओर तेज गति से आ रहा था। वह गलत लेन में चल रहा था, जिस कारण हादसे की आशंका बनी हुई थी। ट्रॉला रुकवाकर चालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम महेंद्रगढ़ के ऊंची भांडोर निवासी राहुल बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही ट्रॉला भी कुंड चौकी में इंपाउंड कर दिया। उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया।

### मकान से नकदी व जेवरात ले गए चोर

**कुंड।** मंदोला गांव में चोर एक मकान से नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में इंद्रजीत ने बताया कि जब सुबह के समय वह सोकर उठा तो उसके कमरे में रखी हुई अलमारी खुली हुई थी। अलमारी से 10 हजार रुपये व सोने के दो जोड़ी झुमके गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद थाना खोल पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

### गोकशी एक्ट के तहत एक आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** थाना कोसली पुलिस ने वर्ष 2021 में गोकशी एक्ट के तहत दर्ज मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गायों को गोकशी के लिए ले जाने वाले लोगों के खिलाफ 1 फरवरी 2021 को गोकशी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। कुछ आरोपियों को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया था, जबकि नूंह के रानियाला निवासी शौकिन पुलिस गिरफ्त से बाहर चल रहा था। पुलिस ने शौकिन को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां उसे जेल भेज दिया गया।

### दो लोगों के साथ निकला युवक लापता

**बव्वा।** बव्वा गांव से एक सप्ताह पहले घर से दो लोगों के साथ गया युवक लापता हो गया। पुलिस शिकायत में सुनीता देवी ने बताया कि उसका लड़का 27 वर्षीय दीपक गत 23 मई को पवन व रवि डालनवास के साथ घर से गया था। वह घर नहीं लौटा। पवन और रवि भी संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे हैं। रिश्तेदारियों और दूसरे स्थानों पर पूछताछ करने के बाद भी उसके बेटे का कोई पता नहीं चला। थाना कोसली पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### पंचायती रास्ते पर कब्जे के आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** गंगायचा अहीर में पंचायती रास्ते पर कब्जा करने के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सदर थाना पुलिस ने बीडीपीओ की शिकायत पर गत 5 मई को राकेश, अनिल, जयप्रकाश व ब्रह्मप्रकाश पर पंचायती रास्ते पर कब्जा करने के आरोप में केस दर्ज किया था। पंचायत ने रास्ते से कब्जा हटवा दिया था, आरोपियों ने फिर से कब्जा कर लिया था। पुलिस ने पंचायत के प्रस्ताव के आधार पर केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

इकलौता बेटा था मृतक नमन

# हमले में घायल युवक ने तोड़ा दम, चार के खिलाफ केस दर्ज

पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

कुतुबपुर में गत 24 मई को किए गए दो युवकों पर हमले में घायल एक युवक ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। रामपुरा पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। मृतक अपने पिता का इकलौता बेटा था, जिसकी मौत से माता-पिता सदमे में हैं।

कुतुबपुर निवासी नितेश ने रामपुरा पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि उसके पास 25 मई की शाम को उसका दोस्त कुतुबपुर निवासी नमन आया था। इसके बाद वह और नमन उसकी स्कूटी से फ्लाईओवर के नीचे से नाईवाली चौक की ओर जा रहे थे। उसने आरोप लगाया था कि कुतुबपुर निवासी नितिन उर्फ डब्लू, हैप्पी, हेमंत उर्फ प्रियांशु व खजेला ने आगे खड़े होकर स्कूटी रुकवा ली। इसके बाद इन लोगों ने नमन और उस पर हमला कर दिया। दोनों को डंडों से पीटना शुरू कर दिया। नमन जान बचाकर भागने लगा तो इन लोगों ने उस पर सुएं से वार कर दिए। चोट मारने के बाद आरोपी धमकी देकर वहां से चले गए। मोहल्ला निवासी गुलशन ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया।



रेवाड़ी। मृतक नमन का फाईल फोटो व नमन की मौत के बाद नागरिक अस्पताल में जमा लोग। फोटो : हरिभूमि

### मारपीट में गंभीर चोटें

मारपीट में नमन को गंभीर चोटें आई थीं। उसे पहले ट्रॉमा सेंटर दाखिल कराया था। बाद में परिजन गंभीरावस्था में उसे प्राइवेट अस्पताल ले गए थे। थाना रामपुरा पुलिस ने 25 मई को नितेश के बयान पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। अस्पताल में उपचार के दौरान वीरवार की रात नमन ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करने के बाद उनकी तलाश शुरू की दी।

### दोस्ती बनी जानलेवा

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नमन की दोस्ती एक आपराधिक किस्म के युवक के साथ थी। उसके खिलाफ पहले कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। हत्या की वारदात में शामिल नितिन उर्फ डब्लू भी आपराधिक प्रवृत्ति का बताया जा रहा है। उसे नमन की दूसरे युवक से दोस्ती रास नहीं आ रही थी। इसी वजह से वह नमन से रंजिश रख रहा था। नमन अपने पिता का इकलौता बेटा था। उसका पिता राजकुमार गाड़ी चलाता है। उसकी बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। नमन की मौत के बाद माता-पिता पर दुखों का पहाड़ टूट गया है।

### महिला का पीछा करते हुए छेड़छाड़, पुलिस ने मौके पर ही दबोचा आरोपी

- पुलिस ने उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया

**रेवाड़ी।** एक कंपनी कर्मचारी महिला का कई दिनों से पीछा करने और छेड़छाड़ के आरोपी युवक को पुलिस ने मौके पर ही काबू कर लिया। युवक ने कंपनी से निकलते ही महिला का रास्ता रोककर जमकर उत्पात मचाया। बचाव करने आए युवक के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह शहर की एक फैक्ट्री में कार्य करती है। उसकी के गांव का रहने वाला रविंद्र कई दिनों से लगातार उसका पीछा करता रहा है। उसने अपने पति को यह बात बताई, तो पति ने रविंद्र को काफी समझाया था।

#### गाड़ी को कब्जे में लिया

महिला ने बताया कि वीरवार की सायं जब वह फैक्ट्री से घर जाने के लिए बाहर निकली, तो रविंद्र ने अपनी गाड़ी उसके आगे लगा दी। उसने अपना रास्ता बदल लिया। रविंद्र गाड़ी से उसका पीछा करने लगा, तो उसने कंपनी में काम करने वाले लोगों को मदद के लिए बुला लिया। एक कर्मचारी किशोर मदद के लिए आगे आया तो रविंद्र ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। इसी बीच पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को काबू करते हुए उसकी गाड़ी को कब्जे में ले लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।

धारूहेड़ा थाना क्षेत्र के प्राइवेट स्कूल का मामला

## आरोपी टीचर को गिरफ्तार करने की मांग

- नाबालिग पर आया था मैडम का दिल, संबंध बनाए तो दर्ज हुआ केस, बेल रिजेक्ट होने के बाद फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी




धारूहेड़ा थाना क्षेत्र के एक नामचीन प्राइवेट स्कूल की टीचर का नाबालिग शिष्य पर ऐसा दिल आया कि वह उसे दूर-दराज के होटलों में ले जाकर संबंध स्थापित करती रही। टीचर के पति को इस बात का पता चला, तो दोनों के बीच तनाव पैदा हो गया। छात्र के परिजनों ने लेडी टीचर के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कराया था। टीचर ने अदालत में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी, परंतु कोर्ट ने उसे अस्वीकार कर दिया। इसके बाद भी पुलिस आरोपी टीचर को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। परिजनों ने पुलिस अधिकारियों से उसकी तुरंत गिरफ्तारी कराने की मांग की है। पुलिस ने बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाले करीब 16 वर्षीय छात्र के पिता की शिकायत पर प्राइवेट स्कूल की टीचर के खिलाफ गत 13 मार्च को पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। आरोप है कि 40 साल की टीचर ने छात्र को प्रेम जाल में फंसाने के बाद उससे शारीरिक संबंध बना लिए थे। टीचर छात्र को अपने साथ दूसरे शहरों के बड़े होटलों में लेकर जाती थी। उसे ट्यूशन के बहाने धारूहेड़ा की एक सोसायटी में भी अपने मकान पर बुलाया जाता था, जहां पति की गैर मौजूदगी में भी छात्र के साथ संबंध बनाए जाते रहे।

#### छात्र के परिजनों को बताई करतूत

बताया जा रहा है कि टीचर के पति ने परेशान होकर छात्र के परिजनों को घटनाक्रम के बारे में बताया, तो परिजनों ने छात्र से पूछताछ की। छात्र ने भी टीचर पर जबरन संबंध बनाने के आरोप लगाए, जिसके आधार पर परिजनों ने टीचर के खिलाफ धारूहेड़ा पुलिस थाने में केस दर्ज करा दिया था। केस दर्ज होने के बाद से ही टीचर फरार हो गई।

#### कोर्ट ने रिजेक्ट की बेल एप्लीकेशन

गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी टीचर ने एएसजे कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। कोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए उसे खारिज कर दिया। परिजनों का आरोप है कि कोर्ट से बेल एप्लीकेशन रिजेक्ट होने के बावजूद पुलिस आरोपी टीचर को गिरफ्तार नहीं कर रही है।

## पुनर्वास केंद्र में चलाया सर्च अभियान

- अभियान के दौरान नशा मुक्ति केंद्र के स्टाफ से जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है तथा लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। एनसीबी जिला यूनिट की ओर से शुक्रवार को सरकारी नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में सर्च अभियान चलाया गया। जिला यूनिट इंचार्ज नीरज कुमार के मार्गदर्शन व एएसआई सुरेश कुमार की अगुवाई में स्नीफर डॉग ऑस्कर के साथ नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में सर्च अभियान चलाया गया। केंद्र में 13 नशे से पीड़ित व्यक्ति इलाज के लिए भर्ती मिले। टीम ने सभी व्यक्तियों को नशा छोड़ने और सामाजिक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान नशा मुक्ति केंद्र के स्टाफ से जानकारी ली गई।


रेवाड़ी। नशा मुक्ति केंद्र में सर्च अभियान चलाते हुए एनसीबी की टीम। फोटो :हरिभूमि

#### एनसीबी के टॉल फ्री नंबर 90508-91508 पर सूचना दें

एनसीबी टीम ने नशा मुक्ति केंद्र के स्टाफ और मरीजों से भी अपील करते हुए कहा कि अगर कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दें तो भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल एनसीबीमानस.जीओवी.इन और हरियाणा एनसीबी के टॉल फ्री नंबर 90508-91508 पर सूचना दें, ताकि नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा सकें।

## छात्राओं से योग करने का आह्वान किया

- गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल में योग शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

सरकुलर रोड स्थित पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता डीईओ सुभाष सांभरिया ने की तथा मुख्य अतिथि एसडीएम सुरेन्द्र सिंह थे। आयुष विभाग से डा. राकेश छिल्लर ने एमटी का दायित्व निभाया। इस मौके पर शिक्षा विभाग से एईओ भूपेन्द्र सिंह, समाजसेवी दारा सिंह, संयोगिता, सुमन, इन्दूबाला, रेखा, लता, सुमित्रा, सुदेश व सुमन प्रकाश ने योग प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। शिविर का थीम करो योग-रहो निरोग रहा। इस मौके पर मुख्यातिथि एसडीएम ने छात्राओं से नियमित योग करने का आह्वान किया। डीईओ ने छात्राओं से 21 जून को योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर प्राचार्य धर्मवीर सहित अभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।


रेवाड़ी। छात्राओं को योगाभ्यास कराते प्रशिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## सुंदरोज के डा. पुनीत का सुपर स्पेशलिस्ट में चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

जिले के गांव सुंदरोज निवासी डा. पुनीत शर्मा ने पहले ही प्रयास में छाती रोग सुपर स्पेशलिस्ट परीक्षा में ऑल इंडिया स्थान पर 84वां रैंक प्राप्त करके क्षेत्र तथा जिले का नाम रोशन किया है। उनका एडमिशन नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर मध्यप्रदेश में हुआ है।


डा. पुनीत शर्मा।

डा. पुनीत ने एमबीबीएस की डिग्री अग्रोहा मेडिकल कॉलेज व एमडी की डिग्री सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर से पहले ही प्रयास में प्राप्त की थी। पुनीत के पिता उदयभान शर्मा भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्त हैं व वर्तमान में सिविल कोर्ट रेवाड़ी में कार्यरत है। इस उपलब्धि पर जिला प्रमुख मनोज यादव, ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष चंद्रशेखर गौतम, पूर्व जिला पार्षद नीतू चौधरी, भाजपा नेता हिमांशु पालीवाल, सरपंच प्रवीण सुंदरोज, सरपंच महेश यादव बोहतवास अहीर, सत्यरूप खालेटा व सरपंच अशोक यादव मामड़िया आसमपुर ने डा. पुनीत को बधाई दी है। डा. पुनीत ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता, माता सुदेश शर्मा व राव खेमचंद विद्या मंदिर के निदेशक देवेंद्र यादव सहित अपने गुरुजनों को दिया है।

## हरिभूमि का आज बस स्टैंड पर तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

- तंबाकू से दूर रहने के लिए करवाएंगे लोगों से हस्ताक्षर
- प्रशासन, सामाजिक, धार्मिक, राजनीति व शिक्षा संगठनों से जुड़े लोगों की होगी भागीदारी




विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर 31 मई को अग्रणी समाचार पत्र समूह दैनिक हरिभूमि बस स्टैंड नारनौल पर तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान चलाएगा। वहां आने वाले लोगों को तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित कर उनके हस्ताक्षर करवाएं जाएंगे। इस दौरान प्रशासन, सामाजिक, धार्मिक, राजनीति व शिक्षा संगठनों से जुड़े लोग भी पहुंचेंगे। यह अभियान शनिवार सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक चलेगा। अभियान में मार्श हॉस्पिटल हार्ट इंस्टिट्यूट , अजय पटोदा निर्देशक सहकारिता बैंक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता, एवरेस्ट स्क्वायर, प्रथम स्कूल, बीएमजी ग्रुप, संगम व तिजारा नमकीन, सर्वजलि ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन व यशवीर नम्बरदार कॉंग्रेस वरिष्ठ नेता की भागीदारी रहेगी।आपको बताते चले कि हरिभूमि का यह अभियान सामाजिक दायित्वों से जुड़ा हुआ अनोखा अभियान है जो एक समाचार पत्र को उसके कल्याणकारी कर्तव्यों से अवगत कराता है। हरिभूमि प्रतिवर्ष इस अभियान के माध्यम से समाज के सबसे बड़े शत्रु धूम्रपान से न केवल सावधान कर रहा है बल्कि युवाओं को जीवन के प्रति सकारात्मक सोचने के लिए प्रेरित भी कर रहा है। तम्बाकू एक धीमा जहर है जो कि व्यक्ति के शरीर को अंदर से कमजोर एवं खोखला बना देता है। जिससे व्यक्ति तमाम तरह की घातक बीमारियों का शिकार हो जाता है और तो ओर कई बार व्यक्ति को इसकी वजह से मृत्यु तक का सामना करना पड़ता है। इसलिए तम्बाकू के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को बताने के लिए हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में हरिभूमि की यह पहल सार्थक है। भारत में तम्बाकू नियंत्रण पर रिपोर्ट 2004 के अनुसार देश में प्रतिवर्ष तम्बाकू का सेवन करने से आठ से नौ लाख मौतें होती है।

\ तम्बाकू का सेवन करने के कारण ह्दयाघात (78 प्रतिशत), तपेदिक (65.6 प्रतिशत), इनफ्रेक्शन (52 प्रतिशत), इसोफेजियल कैंसर (43 प्रतिशत)और मुंह का कैंसर (38 प्रतिशत) तथा फेफड़ों का कैंसर (16 प्रतिशत) का रोग जोखम है।

### एक सप्ताह पूर्व हुआ डिप्टी मैनेजर पर हमला, केस

**रेवाड़ी।** बीते 23 मई को एक साइलेंसर बनाने वाली कंपनी के प्रोडक्शन डिपार्टमेंट के डिप्टी मैनेजर पर हुए हमले के आरोप में मॉडल टाउन थाना पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से पुलिस आरोपियों का पता लगाने के प्रयास कर रही है। यूपी कि तहसील नवल निवासी दिग्गविजय सिंह एक कंपनी में डिप्टी मैनेजर लगा हुआ है। गत 23 मई को वह कंपनी से अपने घर सेक्टर-3 में आया था। गाड़ी खड़ी करने के बाद वह उतरकर घर की ओर चला, तो कुछ युवकों ने उससे पूछा कि आसपास कोई पार्क है क्या। इससे पूर्व वह कुछ समझ पाता, उस पर हमला कर दिया गया। शोर मचाने पर आसपास के लोग वहां आ गए। इस दौरान उसके साथ जमकर मारपीट की गई। लोगों ने उसे एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया। बयान देने के काबिल नहीं होने के कारण वह समय पर केस दर्ज नहीं करा सका।

## हथियार उपलब्ध कराने का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

गत 1 मार्च को उत्तम नगर में शादी समारोह के दौरान फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने हथियार उपलब्ध कराने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस शिकायत में उत्तम नगर निवासी बलवंत ने बताया था कि 28 फरवरी को उसके बेटे आशीष के लगन का कार्यक्रम था। घर के पास गली में ज्यादा गाड़ियां खड़ी थीं। इसी दौरान उसके पड़ोसी अरविंद की गाड़ी किसी गाड़ी से भिड़ गई। इस बात को लेकर उसका अरविंद के साथ झगड़ा हो गया था। बलवंत ने आरोप लगाया था कि 1 मार्च को अरविंद अपने दो साथियों मोहित राजपूत और मोहित के साथ गाड़ी में आया। उसने धमकी दी कि वह उसके बेटे को घोड़ी पर नहीं बैठने देगा। इसके बाद उसने आवेश में आकर पिस्टल से हवा में फायर कर दिया था। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने मौके पर जाकर कारतूस का खोल बरामद करते हुए आर्म्स एक्ट सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने बाद में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ के बाद अरविंद ने बताया था कि उसने घटना में इस्तेमाल की गई पिस्टल राजस्थान के हतिजर निवासी विश्वेंद्र सिंह मीणा से ली थी। पुलिस ने विश्वेंद्र मीणा को गिरफ्तार कर लिया।

**मौसम** नौतपा के शेष दिनों में भी पारा चढ़ने की संभावना कम, लगभग एक सप्ताह तक परिवर्तनशील बना रहेगा मौसम

## बौछारों से साढ़े पांच डिग्री गिरा पारा, उमस भरी गर्मी से मिली राहत


रेवाड़ी। शुक्रवार को शहर में सुबह से छाए रहे बरसात के बादल। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से नौतपा के दिनों में पड़ने वाली भारी गर्मी की संभावना को पूरी तरह समाप्त कर दिया। उम्मीद के विपरीत नौतपा एक तरह से ठंडा बीत रहा है। शेष तीन दिनों में भी पारा ज्यादा चढ़ने की उम्मीद नहीं है। एक सप्ताह तक मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है। जून माह के शुरू में भारी गर्मी पड़ने की संभावना नहीं है। शुक्रवार को सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे। कई इलाकों में बौछारें गिरीं। हल्की बूंदाबांदी होने के बाद मौसम का मिजाज ठंडा पड़ गया। अधिकतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस गिरकर 33.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान भी 2.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चार दिन बाद तापमान में इतनी ज्यादा गिरावट दर्ज की गई है। मौसम ठंडा होने के साथ ही लोगों को उमस भरी भारी गर्मी से कुछ हद तक राहत मिल गई। इससे पूर्व उमस के चलते कूलर की हवा तक ने काम करना बंद कर दिया था। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण अगले एक सप्ताह तक मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है। इस दौरान बार-बार आसमान में बादल छाने व तेज हवाओं के साथ बौछारें गिरने की संभावना है। अगले सप्ताह के शुरू में बरसात भी हो सकती है। इस दौरान तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।

#### नौतपा में भारी गर्मी की उम्मीद खत्म

नौपता के दिनों में भारी गर्मी पड़ने के आसार रहते हैं। नौतपा की शुरूआत 25 मई से हुई थी। इससे पूर्व 24 मई की रात ही अच्छी बारिश हो गई। इससे तापमान में भारी गिरावट आ गई थी। इससे पहले दस दिनों तक लोगों को भारी गर्मी का सामना करना पड़ा था। तापमान 45.5 डिग्री तक पहुंच गया था। नौतपा शुरू होने के बाद से तापमान 39.0 डिग्री से ज्यादा नहीं गया, जिस कारण धरती तपने की संभावना पर पानी फिर गया। बचे हुए नौतपा के दिनों में भी मौसम अपेक्षाकृत ठंडा बना रह सकता है। दूसरी ओर मौसम का मिजाज ठंडा होने से बिजली की खपत में एक बार फिर 10 लाख यूनिट से ज्यादा की कमी आई है, जिससे पावर कटों से काफी राहत मिल गई है।